PRINT

# पंजाब केसरी (Punjab Kesri)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 347211 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 01.10.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 06 | क्रम सं. (Serial No.) 03 |


## प्रवीर रंजन बने सीआईएसएफ के नए महानिदेशक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ संभाला पदभार



पदभार ग्रहण करते नए महानिदेशक प्रवीर रंजन।

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीर रंजन ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 32वें महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। सीआईएसएफ मुख्यालय में आयोजित आंतरिक समारोह में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर भविष्य की प्राथमिकताओं पर विचार साझा किए।

1993 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी रंजन अप्रैल 2024 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इससे पहले वह सीआईएसएफ में विशेष महानिदेशक के रूप में संवेदनशील एयरपोर्ट सिक्योरिटी सेक्टर का नेतृत्व कर रहे थे। अपने 32 वर्षों के करियर में उन्होंने दिल्ली पुलिस में स्पेशल सीपी क्राइम व ईओडब्ल्यू, सीबीआई में डीआईजी और चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभाई है।

उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक (2016) और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (2009) से सम्मानित किया जा चुका है। पदभार ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में प्रवीर रंजन ने कहा कि बल को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप आधुनिक और संवेदनशील बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ के संचालन में आधुनिकीकरण, कर्मियों के कल्याण में संवेदनशीलता और प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय के निर्देशों को सर्वोच्च प्राथमिकता से लागू करने का आश्वासन दिया।